जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद

विज्ञप्ति/सूचना

उ0प्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद गाजियाबाद में स्थित स्थायी लोक अदालत हेतु पेशकार (संविदा पद) का चयन किया जाना है। स्थायी लोक अदालत में पेशकार के संविदा पद की नियुक्ति हेतु दीवानी न्यायालय/कलैक्ट्रेट के सेवानिवृत्त कर्मचारियों जिनकी आयु 65वर्ष से कम हो, पेशकार के अनुबंध/संविदा पद हेतु आवेदन कर सकते हैं तथा पेशकार पद पर संविदा के आधार पर नियत पारिश्रामिक 9000/–रूपये प्रतिमाह पर तथा अधिकतम 02वर्ष के लिए अनुबन्धित किया जायेगा।

अतः इच्छुक व्यक्ति जो दीवनी न्यायालय या कलैक्ट्रेट से सेवानिवृत्त कर्मचारी हो तथा जिसकी आयु 65वर्ष से कम हो जनपद गाजियाबाद में स्थित स्थायी लोक अदालत में पेशकार के पद पर चयन हेतु आवेदन कर सकता है।

इच्छुक व्यक्ति अपना प्रार्थनापत्र/आवेदनपत्र, विज्ञप्ति/सूचना की दिनाँक 10.03.2025 से 30दिनों तक अर्थात दिनांक 09.04.2025 तक (केवल कार्यालय कार्यदिवसों में ही) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद के कार्यालय में स्वयं प्रस्तुत कर सकता है या द्वारा पंजीकृत डाक से प्रेषित कर सकते हैं। आवेदन पत्र के प्रारूप की प्रति जनपद न्यायालय, गाजियाबाद की वेबसाईट से डाउनलोड की जा सकती है। इच्छुक आवेदक को आवेदन पत्र के निर्धारित प्रारूप पर आवेदन करना होगा तथा आवेदन पत्र के साथ उससे संबंधित दस्तावेजों एवं अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां भी दाखिल करनी होंगी। आवेदन पत्र के साथ आवेदक को दो लिफाफे संलग्न करने हैं, जिनपर 25–25/–रूपये के डाक टिकट लगे हों तथा आवेदक का नाम, पत्रव्यवहार का पूर्ण पता एवं मोबाईल नम्बर स्पष्ट अंकित हो।

प्राप्त आवेदनों पत्रों पर सम्यक विचारोपरान्त साक्षात्कार की तिथि व स्थान की सूचना आवेदकों को समय आने पर दे दी जायेगी। साक्षात्कार में भाग लेने के लिए आवेदकों को कोई भी यात्रा भत्ता इत्यादि देय नहीं होगा।

इच्छुक व्यक्ति स्थायी लोक अदालत, गाजियाबाद में पेशकार के पद पर नियुक्ति के सम्बन्ध में कोई भी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद एवं स्थायी लोक अदालत, गाजियाबाद के कार्यालय से प्रत्येक कार्य दिवसों में तथा कार्यालय समयावधि में प्राप्त कर सकते हैं।

दिनांक– 10.03.2025

(कुमार मिताक्षर)
अपर जिला जज/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
गाजियाबाद

निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. श्रीमान जिला सूचना अधिकारी, गाजियाबाद को इस आशय से प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति/सूचना को समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवायें।
2. श्रीमान विशेष कार्याधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद को इस आशय से प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति को माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की आफिसियल वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु संबंधित को निर्देशित करें।
3. कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय गाजियाबाद को इस आशय से प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति को जनपद न्यायालय गाजियाबाद की वेबसाईट पर अपलोड किया जाए।
4. नजारत, जनपद न्यायालय, गाजियाबाद के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
5. नजारत, कलैक्ट्रेट जनपद, गाजियाबाद के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
6. कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/स्थायी लोक अदालत गाजियाबाद के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।

10/3/25
अपर जिला जज/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
गाजियाबाद

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
गाजियाबाद

स्थायी लोक अदालत गाजियाबाद हेतु पेशकार के पद पर चयन हेतु

आवेदन पत्र

स्वप्रमाणित फोटो

1. अभ्यर्थी का नामः–..

2. पिता/पति का नामः–..

3. मोबाईल नम्बरः–..

4. जन्म तिथिः–..(प्रमाण पत्र सन्लग्न करें)

5. राष्ट्रीयताः–..

6. जाति/वर्गः–..................................(सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जन जाति/अनुसूचित जाति)

7. स्थायी पताः–..

....

8. पत्र व्यवहार का पताः–..

....

9. अन्तिम शैक्षिक योग्यताः–..

10. सेवानिवृत्त होने वाले पद एवं कार्य स्थल का पूर्ण विवरणः–..

....

11. कार्य अनुभवः–..

घोषणा

मैं एतदद्वारा यह घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा उपलब्ध करायी गयी सभी जानकारियाँ/सूचनायें सत्य हैं, यदि इनमें से कोई सूचना/जानकारी गलत पायी जाती है तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाये। सभी प्रमाण पत्र स्वप्रमाणित संलग्न हैं।

आवेदक के पूर्ण एवं स्पष्ट हस्ताक्षर

दिनांक :–

स्थान :–